# विषय—सिलाई

## कक्षा—12

पूर्णांक 100

इस विषयमें 70 अंकों की लिखित परीक्षा एवं 30 अंक **प्रयोगात्मक** परीक्षा का होगा। न्यूनतम उत्तीर्णांक 23 एवं 10 कुल 33 अंक हैं।

पूर्णांक 100

## इकाई

1-दिए गए नाप के अनुसार परिधानों के विभिन्न भागों का चित्र / ड्राइंग बनाना, विवरण लिखना (फुल स्केल एवं पैमाना मान कर), मिल्टन क्लाथ, ड्राफ्टिंग। ट्रैंगल स्केल का ज्ञान एवं उपयोग, दर्जियों के चिन्ह। 10 अंक

2-वस्त्र / परिधान- कटिंग एवं परिधान सिलाई (गार्मेंट्स मेकिंग) में काम आने वाली सामग्री और उपकरण, विभिन्न प्रकार के प्रेस और प्रेसिंग सामग्री उपकरण, आयरिंग एवं प्रेसिंग की व्याख्या-अंतर। 10 अंक

3-सिलाई मशीन का इतिहास, सिलाई मशीन की जानकारी, उनमें आने वाले दोष एवं उनका निवारण, सिलाई मशीन के अटैचमेन्ट्स, पारिभाषिक शब्द और उनकी व्याख्या (ट्रेड शब्दावली)। 10 अंक

4-विभिन्न प्रकार के टांकें- हाथ की सिलाइयों के टांकें बनाने की विधि तथा उसके प्रकार, सीम्स, श्रीन्केज परीक्षण एवं संक्षिप्त विधि का ज्ञान। 10 अंक

5-पैटन मेकिंग- पैटर्न के प्रकार, उपयोगिता एवं महत्व, पैटर्ग की सहायता से निश्चित आकार के कपड़ों की मितव्ययिता पूर्वक काटने की विधि प्रदर्शित करना। 10 अंक

6- हाथ एवं मशीन की सुइयो तथा धागों के प्रकार, सुइयों के नम्बर तथा वस्त्र / परिधान के अनुरूप उनके प्रयोग का ज्ञान, विभिन्न प्रकार के धागों की जानकारी तथा वस्त्र / परिधान में उनके प्रयोग का ज्ञान, डिजाइन, स्टाइल फैशन की व्याख्या और अंतर, परिधान मूल्य निर्धारण (परिधान की कीमत निकालना)। 10 अंक

7- शरीर रचना विज्ञान- एनाटमी फार टेलर्स ज्वाइण्ट्स एण्ड मूवमेन्ट्स, शरीर की बनावट और आकृति का परीक्षण, शरीर को विभाजित करने वाली रेखाएँ, एबनार्नल फिगर्स और उनके प्रकार, डी-फार्म फिगर्स का ज्ञान। 10 अंक

## प्रयोगात्मक — 30 अंक

दिए हुए नाप के अनुसार निम्नलिखित वस्त्रों / परिधानों का डायग्राम बनाना, पैटर्न मेकिंग, काटना एवं पूर्णरूपेण सिलकर परिधान का रूप देना।

1. स्कूल फ्राक
2. हाउस कोट
3. कुर्ता– बंगाली कुर्ता, नेहरू कुर्ता, कलीदार कुर्ता।
4. बुशर्ट– ओपन एण्ड क्लोज़्ड कालर्स
5. आधुनिक निकर (हाफपैण्ट)
6. पैण्ट–बेल्टेड
7. कोट– क्लोज़्ड एवं ओपेन कालर।

## वाह्य मूल्यांकन — 15 अंक

1. दिये गये नाप के अनुसार वस्त्रों के विभिन्न भागों का चित्र बनाना (ड्राफ्टिंग) एवं कटाई करना– — 06 अंक

(1) फ्राक
(2) हाउस कोट
(3) बंगाली कुर्ता, नेहरू शर्ट
(4) बुशर्ट–खुली व बन्द
(5) आधुनिक नेकर
(6) पैण्ट–बेल्टेड, प्लेटलेस, कार्पुलेन्ट
(7) कोट–बन्द व खुला

2– वस्त्रों की सिलाई, फिनिशिंग एवं प्रेसिंग — 06 अंक

3– मौखिक कार्य — 03 अंक

## आंतरिक मूल्यांकन — 15 अंक

(1) फाइल रिकार्ड — 05 अंक
(2) सिलाई–बालिका, पुरुष एवं स्त्री के वस्त्र — 06 अंक
(3) मशीन के विभिन्न भागों का ज्ञान — 02 अंक
(4) सत्रीय कार्य एवं मौखिक कार्य — 02 अंक

व्यक्तिगत परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु जो विद्यालय परीक्षा केन्द्र निर्धारित किये जायेंगे, उन विद्यालयों के संबंधित विषयों के अध्यापक/प्रधानाचार्य द्वारा आन्तरिक परीक्षक के रूप में व्यक्तिगत परीक्षार्थियों को पचास प्रतिशत अंक प्रदान किये जायेंगे। शेष पचास अंक वाह्य परीक्षक द्वारा देय होंगे।